# विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0

## सरस्वतीकुञ्ज, निरालानगर, लखनऊ

### विद्या भारती का 31वां राष्ट्रीय खेलकूद समारोह 2018





महानगर स्थित पीएसी में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित खेलकूद समापन समारोह में विजेता विद्या भारती पूर्वी उप्र की टीम को ट्रॉफी देते केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह तथा प्रथम आने के लिए प्रार्थना करती छात्राएं

# स्पोर्टिंग सुपर पॉवर बनेगा भारत : राजनाथ

## विद्याभारती के राष्ट्रीय खेलकूद कार्यक्रम का समापन, पूर्वी उत्तर प्रदेश ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने विद्याभारती के राष्ट्रीय खेलकूद के समापन समारोह में शुक्रवार को पीएसी ग्राउंड में कहा कि वह दिन भी दूर नहीं जब हमारा देश स्पोर्टिंग सुपर पॉवर बनेगा। उन्होंने कहा कि विद्या भारती जैसे शैक्षणिक संस्थान इसमें अहम योगदान कर रहे हैं। इस राष्ट्रीय खेलकूद पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल ट्राफी जीतने का गौरव प्राप्त किया।

महानगर के पीएसी मैदान में चार दिनी खेल उत्सव में विद्या भारती से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों के हजारों खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनको 11 क्षेत्रों में बांटा गया था। मुख्य अतिथि राजनाथ सिंह ने समापन समारोह में कहा कि विद्याभारती से मैं 15 साल की आयु से परिचित हूं। विद्याभारती से बड़ा कोई शिक्षा संस्थान नहीं है। बच्चों के हर तरह के विकास के लिए काम करता है। दूसरी जगहों के मुकाबले बच्चों की बातचीत में अंतर होता है। देश में 13 हजार विद्याभारती एकल विद्यालय हैं। सब मिला कर राष्ट्र निर्माण कर रहे हैं। भारतीय मूल्यों को बच्चों के मन में बैठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले अमीर देशों का खेलों में दबदबा था। जापान चीन कोरिया के बाद अब भारत उस वर्चस्व को तोड़ रहा है। भारत सुपर इकोनॉमिक पॉवर बनेगा। आज हमारा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक पा रहा है। इस कार्यक्रम में विद्याभारती के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें पद्मश्री ब्रह्मदेव शर्मा, हेमचंद्र, यतींद्र शर्मा, एमवी कुट्टी, रामअचल मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में आला पुलिस अधिकारी ए. सतीश गणेश, नीलाभ चौधरी, डॉ. राकेश सिंह और ब्रजेश सिंह को इस प्रतियोगिता के आयोजन में उनके योगदान को लेकर सम्मानित किया गया।



गृह मंत्री ने आइजी पीएसी ए . सतीश गणेश को सम्मानित किया



खेलकूद समापन समारोह में सलामी लेते केंद्रीय गृह मंत्री

### पहले से आखिरी दिन तक पूर्वी यूपी का दबदबा

स्पर्धाओं में पूर्वी यूपी पहले, दक्षिण क्षेत्र दूसरे और पश्चिम क्षेत्र तीसरे नंबर पर रहा। पूर्वी यूपी का दबदबा प्रतियोगिता में पहले दिन से ही देखने को मिला जो अंतिम दिन तक कायम रहा। पूर्वी यूपी ने 38 गोल्ड 26 सिल्वर और 13 ब्रांज मेडल सहित कुल 77 पदक जीतकर प्रतियोगिता में पहले नंबर पर रहा। दूसरे नंबर पर दक्षिण क्षेत्र रहा। दक्षिण क्षेत्र ने 16 गोल्ड, 15 सिल्वर और 10 ब्रांज मेडल के साथ कुल 41 पदकों पर कब्जा जमाया। पश्चिम क्षेत्र 6 गोल्ड, 13 सिल्वर और 10 ब्रांज मेडल सहित कुल 29 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहा। वेस्ट यूपी 10 गोल्ड 7 सिल्वर और 16 ब्रांज मेडल पर कब्जा कर चौथे स्थान पर रहा। पांचवें नंबर पर मध्य क्षेत्र रहा, जिसने 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 7 ब्रांज मेडल जीते। बिहार क्षेत्र ने 3 गोल्ड, 8 ब्रांज और 14 ब्रांज मेडल जीते। दक्षिण मध्य ने 5 गोल्ड, 4 सिल्वर, 11 ब्रांज, राजस्थान क्षेत्र ने 3 गोल्ड, 6 सिल्वर, 8 ब्रांज, पूर्वोत्तर ने 3 गोल्ड 1 सिल्वर, 5 ब्रांज और उत्तर क्षेत्र ने 1 गोल्ड 2 सिल्वर एवं 2 कांस्य पदक पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में पूर्व क्षेत्र सबसे निचले पायदान पर रहा। उसे केवल 1 रजत और एक कांस्य पदक मिला। ईस्ट यूपी को 302 अंक मिले जबकि अंतिम पायदान पर स्थित पूर्व क्षेत्र को केवल चार अंक मिले।



**बलिहारी गुरु आपने :** सनातन परंपरा में गुरु की महिमा का इससे बेहतर चित्रण क्या हो सकता है जिसमें देश के गृहमंत्री राजनाथ सिंह सार्वजनिक मंच पर अपने गुरु के चरणों की रज लेते दिख रहे हों। यह दृश्य शुक्रवार को महानगर स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित खेलकूद समापन समारोह का है, जिसमें गृहमंत्री अपने गुरु एवं अवध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राम अचल सिंह के चरणों में नतमस्तक हैं। संस्कारों के अवमूल्यन की तमाम चिंता के बीच यह तस्वीर प्रेरित और मोहित करने वाली है ● **रंगनाथ तिवारी**

# 31वें राष्ट्रीय खेलकूद समारोह का सीएम ने किया उदघाटन

**विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित व खेलमंत्री चेतन चौहान के साथ ही विद्याभारती के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही पूज्यनीय भाऊराव देवरस जी को भी पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ दीप प्रज्वलित किया**



19 • लखनऊ • शनिवार • 03 नवंबर 2018 हिन्दुस्तान

## विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की खेल प्रतियोगिता में बोले गृहमंत्री

# खेल शक्ति बनेगा भारत : राजनाथ





केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पीएसी ग्राउंड पर पुलिस अफसरों को सम्मानित किया और विजेताओं को ट्रॉफी दी।

### असम की घटना दुर्भाग्यपूर्ण सख्त कार्रवाई होगी: राजनाथ

असम के तिनसुकिया में हुए नरसंहार पर गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल से बात कर पूरी जानकारी ली है। घटना को अंजाम देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्फा संगठन ने एक ही परिवार के तीन लोगों सहित पांच लोगों की गोली मारकर हत्या की है।

**खेल प्रतियोगिता**

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से बढ़ रही है। इसी तरह खेलों में भी देश नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। खुशी की बात ये है कि इसमें लड़कियां आगे हैं। आने वाले समय में भारत एक आर्थिक शक्ति के साथ-साथ खेल शक्ति भी होगा।

गृहमंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ में पीएसी महानगर मुख्यालय परिसर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने सभी विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सफल व्यक्ति बनने के लिए पढ़ाई जरूरी है, उसी तरह खेल भी जरूरी है। समारोह में पद्मश्री ब्रह्मदेव शर्मा, यतीन्द्र शर्मा, श्रीराम आरावकर, डॉ. राम अचल सिंह, डॉ. जय प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**ज्ञान के साथ संस्कार भी जरूरी:** राजनाथ सिंह ने कहा कि वह 14 वर्ष की उम्र से विद्या भारती से जुड़े हैं। यहां पर ज्ञान के साथ-साथ नैतिक, सामाजिक मूल्यों और संस्कृति व सभ्यता का विकास भी किया जाता है, जिससे व्यक्तित्व निखरता है। उन्होंने बताया कि संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास पर काम करता है। अन्य संस्थानों के बच्चों और यहां के बच्चों की बातचीत में ही वह अंतर साफ पता चल जाता है। ज्ञान के साथ संस्कार देना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि विद्या भारतीय स्कूल राष्ट्र निर्माण में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

**पुलिस अधिकारियों का सम्मान:** समारोह में महानिरीक्षक पीएसी ए सतीश गणेश, महानिरीक्षक नीलाब्जा चौधरी, उपमहानिरीक्षक पीएसी राजकुमार सिंह व सेनानायक राकेश सिंह को गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।


**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (आईडी संख्या : 2018_AAI_17411_1)**

सहायक महाप्रबंधक (अभियांत्रिकी–विद्युत), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, कार्यालय कार्यकारी निदेशक, दक्षिणी क्षेत्र, निगमित मुख्यालय, खंड–ए, तीसरी मंजिल, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली–110003 द्वारा अध्यक्ष, भा.वि.प्रा. की ओर से योग्य ठेकेदारों से **"बेगमपेट एयरपोर्ट, हैदराबाद में नागर विमानन अनुसंधान और विकास केंद्र का निर्माण। उपशीर्ष : हॉस्टल ब्लॉक का निर्माण-ई एंड एम कार्य"** हेतु अनुमानित लागत : **₹14.14 करोड़**, पूर्णता अवधि **12 महीने** के लिए वस्तु दर निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख **19.11.2018 को 11:00 बजे तक है।** विस्तृत जानकारी लिये सीपीपी पोर्टल : **https://etenders.gov.in/eprocure/app** अथवा भा.वि.प्रा. वेबसाइट **www.aai.aero** पर लॉगऑन करें। इस संबंध में आगे कोई भी स्पष्टीकरण/संशोधन केवल सीपीपी पोर्टल/भा.वि.प्रा. वेबसाइट पर ही डाला जाएगा।

**NIT No. N-147/18-19**


# राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रही विद्या भारती : डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी

लखनऊ। विद्या भारती शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। [illegible]



### विद्या भारती ने निकाली ज्योति यात्रा

[illegible]

# पूर्वी यूपी ने कायम रखी बादशाहत




## अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता

■ एनबीटी, लखनऊः विद्याभारती की ओर से महानगर स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी के सिंथेटिक ट्रैक पर आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी पूर्वी यूपी के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। पूर्वी यूपी के खिलाड़ियों ने दूसरे दिन 10 स्वर्ण सहित कुल 23 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। मध्य क्षेत्र के खिलाड़ी तीन स्वर्ण सहित कुल पांच पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, पश्चिमी यूपी के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण सहित कुल चार पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान, बिहार और दक्षिण क्षेत्र के खिलाड़ियों ने भी दमदार प्रदर्शन किया।

---

सिटी स्पोर्ट्स

# पूर्वी यूपी बना ओवरऑल चैंपियन

### यार्कर क्लब और आरईपीएल इलेवन ने जीते मुकाबले

### न्यू लाइट को पूरे अंक

अमर उजाला ब्यूरो

**35वीं वाहिनी पीएसी, महानगर में गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित**

**विद्या भारती की ओर से 31वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता**



35वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित विद्या भारती राष्ट्रीय खेलकूद में विजेता टीम को पुरस्कृत करते गृहमंत्री राजनाथ सिंह।

### प्रयागराज ने खिताब कब्जाया

### जेएनपीजी की एथलेटिक मीट शुरू

राजनाथ सिंह
@rajnathsingh

Following

विद्या भारती शिक्षण संस्थान द्वारा लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय खेल समारोह के समापन के दौरान कई उभरती प्रतिभाओं से भेंट करने का अवसर मिला। एक समय था जब भारत में खेलकूद को सही नज़रिये से नहीं देखा जाता था। अब स्थिति बदल रही है और मान्यता बनी है कि खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत।

Translate Tweet



3:24 AM - 2 Nov 2018

**64** Retweets **418** Likes

# विद्या भारती की 31वीं खेलकूद प्रतियोगिता पीएसी में आज से

## सीएम करेंगे उद्घाटन, समापन में शामिल होंगे गृहमंत्री राजनाथ

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। विद्या भारती की 31वीं अखिल भारतीय खेलकूद (एथलेटिक) प्रतियोगिता 29 अक्तूबर से 35वीं वाहिनी पीएसी के मैदान पर होगी। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष हृदयनारायण दीक्षित भी मौजूद रहेंगे। समापन दो नवंबर को होगा जिसमें प्रदेश के माध्यमिक स्कूल और प्राथमिक स्कूल के छात्र-छात्राएं भी शिरकत करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गृहमंत्री राजनाथ सिंह होंगे। पांच दिवसीय प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए शनिवार को विद्या भारती की बैठक हुई। बैठक के बाद बताया गया कि प्रतियोगिता में लगभग 80 इवेंट होंगे जिसमें अंडर-14, 17, 19 के बालक-बालिकाएं दौड़, कूद, हैमर थ्रो, त्रिकूद, रिले रेस, बाधा दौड़ सहित अनेक खेल होंगे। इस दौरान देश भर से आने वाले खिलाड़ियों के रहने और खाने पीने सहित जरूरी सुविधाओं को मुहैया कराने का खाका तैयार किया गया जिसमें कई विभाग शामिल हुए।

**80**

**इवेंट में हजारों खिलाड़ी लेंगी हिस्सा**

### 11 क्षेत्रों के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

विद्या भारती के तहत देश भर में संचालित करीब 13 हजार माध्यमिक स्कूल और लगभग उतने ही छोटे स्कूल को इस बार 11 क्षेत्रों में बांटा गया है। ये उत्तर क्षेत्र, पश्चिमी यूपी क्षेत्र, पूर्वी यूपी क्षेत्र, उत्तर पूर्व क्षेत्र, राजस्थान क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र, दक्षिण मध्य क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र, पूर्वोत्तर क्षेत्र और मध्य क्षेत्र शामिल है। इसमें दक्षिण मध्य से सर्वाधिक 105 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# पूर्वी यूपी ने 23 पदक जीतकर कायम किया दबदबा

जासं, लखनऊः विद्या भारती की तरफ से पीएसी 35वीं वाहिनी के सिंथेटिक ग्राउंड पर आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश ने खिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण पदक, छह रजत व सात कांस्य पदक हासिल कर अपना दबदबा कायम रखा। वहीं मध्य क्षेत्र के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। दक्षिण क्षेत्र तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

इसके अलावा पश्चिम क्षेत्र को दो स्वर्ण, दो रजत तथा तीन कांस्य पदक मिले। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दो स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक मिले। वहीं राजस्थान क्षेत्र को एक स्वर्ण, तीन रजत प्राप्त हुए। बिहार क्षेत्र को तीन रजत, दो कांस्य पदक प्राप्त हुए तो दक्षिण मध्य क्षेत्र को एक रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर पद्मश्री ब्रह्मदेश शर्मा (संरक्षक विद्या भारती), ललित बिहारी गोस्वामी (राष्ट्रीय महामंत्री, विद्या भारती), एमवी कुट्टी (अध्यक्ष, अखिल भारतीय खेल परिषद), यतींद्र (अखिल भारतीय सहसगंठन मंत्री), डोमेश्वर साहू, श्रीराम अरावकर, हेमचंद्र शर्मा, शिवकुमार, तपन, दिवाकर घोष, राजेंद्र, उमाशंकर, उदय प्रताप सिंह, मुख्तेज सिंह, डॉ. अनुपम सिंह, रत्नसेन, जीतेंद्र पांडेय, सुशील तिवारी सहित हजारों खिलाड़ी और दर्शक उपस्थित रहे।



अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी

# पूर्वी यूपी का दबदबा कायम




■ **एनबीटी, लखनऊः** विद्याभारती की ओर से आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में तीसरे दिन भी पूर्वी उत्तर प्रदेश का दबदबा रहा। महानगर स्थित पीएसी ग्राउंड के सिंथेटिक ट्रैक पर हो रही प्रतियोगिता में गुरुवार को पूर्वी यूपी के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण और 6 रजत पदक जीतते हुए पहला स्थान हासिल किया।

सिटी स्पोर्ट्स

# खेलों में भाग लेकर बढ़ती है टीम भावना : योगी

## विद्या भारती के 31वें राष्ट्रीय खेलकूद समारोह के उद्घाटन पर बोले सीएम

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उसकी शिक्षा होती है। जैसी शिक्षा होगी, वैसा हीं संस्कार होगा और इसी के अनुसार उस राष्ट्र के नागरिक होंगे। मुख्यमंत्री 35वीं वाहिनी पीएसी स्टेडियम में मंगलवार से शुरू हुए विद्या भारती के 31वें राष्ट्रीय खेलकूद का उद्घाटन कर रहे थे।

योगी ने कहा, विद्या भारती के द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान देश की संस्कृति और मूल्यों को बचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज दुनिया भर में भारत शिक्षा के श्रेष्ठ रूप में उभरा है। इसमें अक्षर ज्ञान के अलावा व्यक्तित्व विकास की सभी विधाओं का समावेश है। चाहे वह खेलकूद हो या फिर योग। भारत में सबसे ज्यादा युवा हैं। वैश्विक स्तर पर हर क्षेत्र में हमने अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती द्वारा जो प्रयास विगत वर्षों से प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है उसमें काफी सफलता मिली है। राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता हम सबको टीम भावना से काम करने की प्रेरणा देती है। इससे पहले मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष हृदयनारायण दीक्षित, चिकित्सा शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन और खेलमंत्री चेतन चौहान ने मां सरस्वती की प्रतिमा और भाऊराव देवरस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विद्या भारती के संरक्षक पद्मश्री ब्रह्मादेश शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री ललित बिहारी गोस्वामी, एमव्ही कुट्टी, यतींद्र समेत अन्य मौजूद रहे।






35वीं वाहिनी पीएसी में राष्ट्रीय खेलकूद के शुभारंभ पर खिलाड़ियों को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ (बाएं)। शिशु मंदिर के छात्र मलखंभ का प्रदर्शन करते हु



मार्चमास्ट के जरिए सीएम को सलामी देते एथलीट।

### दो खिलाड़ी विशेष रूप से सम्मानित

आयोजन के पहले दिन दो खिलाड़ी अभिषेक सिंह और अविनाश यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया। अभिषेक ने एसडीएफआई में गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया था जबकि अविनाश ने जूनियर एशियन एथलेटिक के भाला फेंक में रजत पदक जीता था। खेलकूद समारोह में प्रतिभाग कर रहे 11 क्षेत्र के खिलाड़ियों ने ड्रिल पर मार्च पास्ट किया। शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने मलखंभ पर हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। शिशु मंदिर के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को लुभाया।

### आठ स्वर्ण के साथ पूर्वी उप्र अव्व

पहले दिन पूर्वी उप्र के खिलाड़ी आठ स्व और चार रजत हासिल कर मेडल सूची मे अव्वल रहे। पश्चिम यूपी क्षेत्र ने दो स्वर्ण तीन कांस्य, पश्चिम ने एक-एक स्वर्ण व कांस्य, दो रजत, मध्य क्षेत्र ने एक स्वर्ण, रजत, पूर्वोत्तर क्षेत्र ने एक स्वर्ण, तीन कां उत्तर क्षेत्र ने एक-एक स्वर्ण व रजत, दक्षि व बिहार क्षेत्र ने दो-दो रजत व कांस्य, दक्षिण मध्य क्षेत्र ने चार कांस्य, पूर्वी क्षेत्र एक-एक रजत व कांस्य और राजस्थान ने दो कांस्य पदक हासिल किया।

---

मध्य क्षेत्र के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया

# 23 पदक के साथ पूर्वी यूपी का दबदबा कायम

खेलकूद प्रतियोगिता

लखनऊ | निज संवाददाता

विद्या भारती की ओर से पीएसी 35वीं वाहिनी के सिन्थेटीक ग्राउंड पर आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश ने खिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण पदक, छह रजत व सात कांस्य पदक हासिल कर अपना दबदबा कायम रखा।

वहीं मध्य क्षेत्र के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। दक्षिण क्षेत्र तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा पश्चिम क्षेत्र को दो स्वर्ण, दो रजत तथा तीन कांस्य पदक मिले। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दो स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक मिले। वहीं राजस्थान क्षेत्र को एक स्वर्ण, तीन रजत प्राप्त हुए।

बिहार क्षेत्र को तीन रजत, दो कांस्य पदक प्राप्त हुए तो दक्षिण मध्य क्षेत्र को एक रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



पीएसी 35वीं वाहिनी के सिन्थेटीक ग्राउंड पर आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

अंडर-19 बालिका वर्ग के भाला फेंक 500 ग्राम में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की नन्हीमंगू लूची प्रथम, मध्य क्षेत्र के वृंदा बघेल द्वितीय व पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र की साक्षी चौहान को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

वहीं अंडर-19 बालक वर्ग भाला फेंक में पूर्वी उत्तर प्रदेश के अविनाश यादव प्रथम, पूर्वी उत्तर प्रदेश के ही राहुल राजभर दूसरे, दया भाई टमी तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-14 बालिका वर्ग लंबी कूद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कीर्ति सिंह प्रथम, दक्षिण क्षेत्र से सानिया पनवार द्वितीय, पूर्वोत्तर क्षेत्र से कस्तूरी साकिया तृतीय पर कब्जा जमाया।

अंडर-14 बालक वर्ग लंबी कूद में पूर्वी उत्तर प्रदेश के रजनीश पहले, पूर्वी उत्तर प्रदेश के ही चंद्रकांत दूसरे व पूर्वोत्तर क्षेत्र के सानू तीसरे स्थान पर रहे।

अंडर-17 बालिका वर्ग 3000 मीटर दौड़ में पश्चिमी क्षेत्र बोरेकर जयश्री प्रथम व बालक वर्ग 3000 मीटर दौड़ में मध्य क्षेत्र के सचिन ने उम्दा प्रदर्शन कर बाजी मारी।

### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है

**अंडर-17 बालक वर्ग लंबी कूद:** पूर्वी उत्तर प्रदेश के आयुष प्रथम, दक्षिण क्षेत्र के तमिल अरासन द्वितीय, पूर्व क्षेत्र के जगन्नाथ हेंब्रम तृतीय

**अंडर-17 बालिका वर्ग लंबी कूद:** पूर्वोत्तर क्षेत्र की तृष्णा पुखान प्रथम, बिहार क्षेत्र की सुलेखा कुमारी द्वितीय, राजस्थान क्षेत्र से पलक तृतीय

**अंडर-14 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़:** पूर्वी उत्तर प्रदेश के उमेश प्रथम, पूर्वी उत्तर प्रदेश के शशिकांत द्वितीय, पश्चिमी यूपी के अभिषेक तृतीय

**अंडर-14 बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़:** पश्चिमी यूपी की कीर्ति सिंह प्रथम, उत्तर क्षेत्र की रिया द्वितीय, पश्चिम क्षेत्र की मसराम तृतीय

**अंडर-17 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़:** पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के रविंद्र पासवान प्रथम, मध्य क्षेत्र के दिगंबर सिंह वैश्य द्वितीय, पूर्वोत्तर क्षेत्र के नाबा पेगू तृतीय,

**अंडर-17 बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़:** दक्षिण मध्य क्षेत्र की कृति प्रथम, पश्चिम क्षेत्र के गारद वृषाली द्वितीय, दक्षिण क्षेत्र की रूचिथा केएम तृतीय

**अंडर-19 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़:** पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के शिवा वर्मा प्रथम, दक्षिण क्षेत्र के यश द्वितीय, पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से गौरव तृतीय

**अंडर-19 बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़:** पूर्वी यूपी की अंजू प्रथम, पश्चिम क्षेत्र से चौधरी सलोनी द्वितीय, पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से मनीषा भंडारी तृतीय

**अंडर-17 बालिका वर्ग 3000 मीटर दौड़:** पश्चिमी क्षेत्र बोरेकर जयश्री प्रथम, पूर्वोत्तर क्षेत्र की वर्षा द्वितीय, भूतेय तृतीय

**अंडर-17 बालक वर्ग 3000 मीटर दौड़:** सचिन यादव मध्य क्षेत्र का प्रथम, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र धीरज द्वितीय, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के ही प्रदीप को तीसरा,

**अंडर-19 बालिका वर्ग 800 मीटर दौड़:** मध्य क्षेत्र की सीमा प्रथम, पूर्वी यूपी की अंजू दूसरे, पश्चिम उत्तर प्रदेश की काजल को तीसरा स्थान

**अंडर-19 बालक वर्ग 800 मीटर दौड़:** पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के जीतेंद्र प्रथम, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के आयुष द्वितीय, मध्य क्षेत्र के वैद्यनाथ तृतीय

**अंडर-17 बालिका वर्ग 800 मीटर दौड़:** मध्य क्षेत्र की साक्षी को प्रथम, पश्चिम क्षेत्र की हटवार को दूसरा, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की रश्मि को तीसरा

**अंडर-17 बालक 800 मीटर दौड़:** पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के विशाल चौहान प्रथम, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से ही चैन पाल द्वितीय, राजस्थान क्षेत्र से मानव शर्मा को तीसरा स्थान



सिटी स्पोर्ट्स

# पूर्वोत्तर यूपी की बढ़त दूसरे दिन भी रही कायम

अमर उजाला ब्यूरो

**विद्या भारती के राष्ट्रीय खेलकूद**

लखनऊ। विद्या भारती द्वारा आयोजित हो रहे 31वें राष्ट्रीय खेलकूद समारोह के एथलेटिक्स इवेंट के दूसरे दिन भी पूर्वोत्तर यूपी मेडल टैली में अव्वल स्थान पर काबिज रहा। दूसरे दिन भी दौड़, बाधा दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, पोल वाल्ट समेत कई प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं।

पूर्वोत्तर यूपी 28 स्वर्ण, 18 रजत व 10 कांस्य के साथ अव्वल स्थान पर काबिज है। दूसरे दिन की समाप्ति पर दक्षिण क्षेत्र ने अब तक सात स्वर्ण, 8-8 रजत व कांस्य, पश्चिम क्षेत्र ने 4 स्वर्ण, 9 रजत व 7 कांस्य, मध्य क्षेत्र ने 6-6 स्वर्ण व तीन कांस्य, पश्चिम यूपी क्षेत्र ने 6 स्वर्ण, 3 रजत व 12 कांस्य, बिहारी क्षेत्र ने एक स्वर्ण, 6 रजत व 6 कांस्य, दक्षिण मध्य ने 2-2 स्वर्ण व रजत, 6 कांस्य, राजस्थान ने एक स्वर्ण, 4-4 रजत व कांस्य, उत्तर क्षेत्र ने एक-एक स्वर्ण, पूर्वोत्तर क्षेत्र ने एक स्वर्ण व तीन कांस्य और पूर्वी क्षेत्र ने एक-एक रजत व कांस्य पदक हासिल किया। विजयी प्रतिभागियों को विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू और भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक राजेंद्र बाबू ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

35वीं वाहिनी पीएसी महानगर में आयोजित खेलकूद में पदक जीतने वाले खिलाड़ी।

## धैर्य, ध्येय और जिज्ञासा से मिलेगी सफलता : डॉ. दिनेश शर्मा

लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि सफलता पाना है तो धैर्य, ध्येय और जिज्ञासा होना जरूरी है। ध्येय साधने के साथ उससे जानने के लिए जिज्ञासा हो और धैर्य के साथ कदम बढ़ाते रहें तो सफलता निश्चित है। वे निरालानगर स्थित माधव सभागार में विद्या भारती के राष्ट्रीय खेलकूद समारोह के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ने के साथ शरीर स्वच्छ हो तो पढ़ाई अच्छी होती है। पूरे भारत वर्ष में विद्या भारती पढ़ाई के साथ खेलकूद में कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इससे पहले उप मुख्यमंत्री, मेयर संयुक्ता भाटिया और बेसिक शिक्षा मंत्री अनुपमा जायसवाल ने दीप प्रज्जवलित कर, मां सरस्वती व भाऊराव देवरस के चित्र पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सरस्वती शिशु मंदिर और बालिका विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

माधव सभागार में डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा को सम्मानित किया गया।

**नीरज कनौजिया**
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0
मोबाइल–9415888806